भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2804**
10 मार्च, 2026 को उत्तरार्थ

**विषय: न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए अधिसूचित फसलें**
**2804. श्री अमरा रामः**
क्या **कृषि और किसान कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) देश में किन-किन फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित किया गया है;
(ख) इन फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा किस वर्ष से की गई है;
(ग) फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि और मात्रात्मक वृद्धि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;
(घ) इन वर्षों के दौरान उर्वरकों, बीजों और डीजल की कीमतों का ब्यौरा क्या है;
(ङ) वर्ष 2014 से 2025 के दौरान फसलों के उत्पादन का ब्यौरा क्या है, इनमें से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कितनी फसलों की खरीद की गई है और बाजार में इन फसलों के मूल्य का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;
(च) वर्ष 2014 से 2025 तक न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करने के बाद सरकार द्वारा फसलों की खरीद न किए जाने के कारण किसानों को कितना नुकसान होने का अनुमान है; और
(छ) क्या सरकार का किसानों को कीमतों में होने वाले नुकसान को रोकने के लिए किसानों की पूरी फसल खरीदने का विचार है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री भागीरथ चौधरी)**

(क) से (ग): प्रत्येक वर्ष, सरकार कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (सीएसीपी) की अनुशंसाओं के आधार पर, संबंधित राज्य सरकारों और केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों के अभिमतों पर विचार करते हुए, पूरे देश के लिए 22 अधिसूचित कृषि फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) निर्धारित करती है। इन 22 अधिसूचित फसलों में 14 खरीफ फसलें जैसे धान, ज्वार, बाजरा, मक्का, रागी, अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, पीली सोयाबीन, सूरजमुखी, तिल, नाइजरसीड और कपास, और 6 रबी फसलें, जैसे गेहूं, जौ, चना, मसूर, सरसों, कुसुम, और दो वाणिज्यिक फसलें, जैसे जूट और कोपरा शामिल हैं।

वर्ष 1965 में कृषि मूल्य आयोग का गठन किया गया था, जिसे वर्ष 1985 में कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (सीएसीपी) के रूप में पूर्ननामति किया गया। सीएसीपी का दायित्व 22 कृषि उत्पादों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और गन्ने के लिए उचित एवं लाभकारी मूल्य (एफआरपी) की अनुशंसा करना है। वर्ष 2024-25 और 2025-26 के लिए एमएसपी और कुल वृद्धि का विवरण **अनुबंध I** में दिया गया है।
(घ): पिछले पांच वर्षों के दौरान यूरिया का एमआरपी 242 रुपये प्रति 45 किलोग्राम यूरिया बैग (केंद्रीय/राज्य कर/जीएसटी और नीम कोटिंग के शुल्क को छोड़कर) है। प्रमुख पी एंड के उर्वरकों जैसे डीएपी, एमओपी, एसएसपी, एनपीके 12-32-16, एनपीके 10-26-26 और एनपीके 20-20-0-13 के औसत एमआरपी (रुपये प्रति 50 किलोग्राम बैग में) का विवरण नीचे दिया गया है:

| **उत्पाद का नाम** | **2024-25** | **2025-26 (फरवरी 2026 की स्थिति के अनुसार)** |
|---|---|---|
| डीएपी | 1350.00 | 1350.00 |

| | | |
|---|---|---|
| 10-26-26 | 1530.22 | 1814.82 |
| 12-32-16 | 1498.89 | 1711.87 |
| 20-20-0-13 | 1283.31 | 1414.57 |
| एमओपी | 1557.56 | 1710.54 |
| एसएसपी-पाउडर | 506.95 | 506.57 |

वर्ष 2024-25 और 2025-26 (04.03.2026 तक) के दौरान, दिल्ली में डीजल का औसत खुदरा विक्रय मूल्य क्रमशः 87.64 रुपये प्रति लीटर और 87.67 रुपये प्रति लीटर था।

बीजों के खुदरा मूल्यों का डेटा सरकार द्वारा केंद्रीय रूप से रखा नहीं जाता है। कुछ मामलों जैसे कि बीटी कपास के बीजों, जहां सरकार अधिकतम विक्रय मूल्य अधिसूचित करती है, को छोड़कर बीजों की कीमतें फसल, किस्म/संकर किस्म, ब्रांड और स्थान के आधार पर भिन्न होती हैं और आमतौर पर बाजार की ताकतों द्वारा निर्धारित की जाती हैं। इसके अलावा, वर्ष 2025-26 के दौरान, बीटी कपास के बीजों की कीमत बीजी-I के लिए 635 रुपये प्रति पैकेट (450 ग्राम) और बीजी-II के लिए 901 रुपये प्रति पैकेट (450 ग्राम) निर्धारित की गई है।

(ङ): वर्ष 2014 से 2025 के दौरान 22 एमएसपी फसलों के उत्पादन, खरीद और अखिल भारतीय मंडी मूल्यों का वर्षवार विवरण अनुबंध-II में दिया गया है।

(च) एवं (छ): वर्ष 2018-19 के केंद्रीय बजट में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को उत्पादन लागत के कम से कम डेढ़ गुना पर रखने का पूर्व-निर्धारित सिद्धांत घोषित किया गया था। तदनुसार, सरकार ने वर्ष 2018-19 से अखिल भारतीय भारित औसत उत्पादन लागत पर न्यूनतम 50 प्रतिशत रिटर्न के साथ सभी अधिसूचित खरीफ, रबी और अन्य वाणिज्यिक फसलों के लिए एमएसपी में वृद्धि की थी।

सरकार किसानों को मूल्य समर्थन प्रदान करने के लिए भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) और अन्य नामित राज्य एजेंसियों के माध्यम से अनाज और मोटे अनाज की खरीद करती है। दिशानिर्देशों के अनुसार प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) की व्यापक योजना के मूल्य समर्थन स्कीम के अंतर्गत संबंधित राज्य सरकार के अनुरोध पर दलहन, तिलहन और कोपरा की खरीद तब की जाती है जब इन उत्पादों का बाजार मूल्य एमएसपी से नीचे गिर जाता है। पीएम-आशा स्कीम के अंतर्गत खरीद एजेंसियां नेशनल एग्रीकल्चरल कोऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएएफईडी) और नेशनल कोऑपरेटिव कंज्यूमर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनसीसीएफ) हैं। कपास और जूट की खरीद भी सरकार द्वारा क्रमशः कॉटन कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (सीसीआई) और जूट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (जेसीआई) के माध्यम से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर की जाती है।

एमएसपी में वृद्धि होने से देश के किसान लाभान्वित हुए हैं, जो पिछले तीन वर्षों के दौरान अखिल भारतीय खरीद और किसानों को भुगतान किए गए एमएसपी की राशि के विवरण से स्पष्ट है, जो नीचे दिए गए हैं:

**<u>एमएसपी फसलों की खरीद और एमएसपी मूल्य</u>**

| **सभी एमएसपी फसलें** | **2014-15** | **2024-25** |
|---|---|---|
| **कुल खरीद** | 779 | 1,175 |
| **(लाख मीट्रिक टन में)** | 1.27 | 3.33 |

**अनुबंध I**
**अता.प्र.सं. 2804**

**दिनांक 10.03.2026 को उत्तरार्थ लोकसभा के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

| **न्यूनतम समर्थन मूल्य (विपणन सीजन के अनुसार) (₹/क्विंटल)** | | | |
|---|---|---|---|
| **उत्पाद** | **केएमएस 2024-25** | **केएमएस 2025-26** | **एमएसपी में पूर्ण वृद्धि** |
| **खरीफ फसलें** | | | |
| धान (सामान्य) | 2300 | 2369 | 69 |
| धान (ग्रेड 'ए') | 2320 | 2389 | 69 |
| ज्वार (हाइब्रिड) | 3371 | 3699 | 328 |
| ज्वार (मालदंडी) | 3421 | 3749 | 328 |
| बाजरा | 2625 | 2775 | 150 |
| रागी | 4290 | 4886 | 596 |
| मक्का | 2225 | 2400 | 175 |
| अरहर | 7550 | 8000 | 450 |
| मूंग | 8682 | 8768 | 86 |
| उड़द | 7400 | 7800 | 400 |
| कपास (मध्यम रेशा) | 7121 | 7710 | 589 |
| कपास (लंबे रेशा) | 7521 | 8110 | 589 |
| मूंगफली | 6783 | 7263 | 480 |
| सूरजमुखी के बीज | 7280 | 7721 | 441 |
| पीली सोयाबीन | 4892 | 5328 | 436 |
| तिल | 9267 | 9846 | 579 |
| नाइजर बीज | 8717 | 9537 | 820 |
| **रबी फसलें** | **आरएमएस 2025-26** | **आरएमएस 2026-27** | |
| गेहूं | 2425 | 2585 | 160 |
| जौ | 1980 | 2150 | 170 |
| चना | 5650 | 5875 | 225 |
| मसूर | 6700 | 7000 | 300 |
| रेपसीड एंड सरसों | 5950 | 6200 | 250 |
| कुसुम | 5940 | 6540 | 600 |
| **वाणिज्यिक फसलें** | | | |
| | **2025-26** | **2026-27** | |
| जूट | 5650 | 5925 | 275 |
| | **2025** | **2026** | |
| कोपरा (मिलिंग) | 11582 | 12027 | 445 |
| कोपरा (बॉल) | 12100 | 12500 | 400 |

अनुबंध II

<u>एमएसपी फसलों के उत्पादन, खरीद और बाजार मूल्यों का विवरण</u>

| उत्पादन (लाख टन में) | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **फसल** | **2014-15** | **2015-16** | **2016-17** | **2017-18** | **2018-19** | **2019-20** | **2020-21** | **2021-22** | **2022-23** | **2023-24** | **2024-25** |
| कुल खाद्यान्न | 2520.25 | 2515.42 | 2751.10 | 2850.14 | 2852.09 | 2975.04 | 3107.42 | 3156.16 | 3296.87 | 3322.98 | 3577.32 |
| **स्रोत-अग्रिम अनुमान, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग** | | | | | | | | | | | |
| **खरीद (एलएमटी में)** | | | | | | | | | | | |
| **फसल** | **2014-15** | **2015-16** | **2016-17** | **2017-18** | **2018-19** | **2019-20** | **2020-21** | **2021-22** | **2022-23** | **2023-24** | **2024-25** |
| सभी एमएसपी फसलें | 778.51 | 743.93 | 883.28 | 993.85 | 1043.32 | 1227.17 | 1367.92 | 1083.35 | 1118.29 | 1089.05 | 1175.00 |

जारी

| | एमएसपी वस्तुओं की वार्षिक मंडी कीमतें (रुपये प्रति क्विंटल में) | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उत्पाद | 2014 | 2015 | 2016 | 2017 | 2018 | 2019 | 2020 | 2021 | 2022 | 2023 | 2024 | 2025 |
| खरीफ फसलें | | | | | | | | | | | | |
| धान (सामान्य) | 1658 | 1498 | 1581 | 1791 | 1967 | 1862 | 1857 | 1933 | 2115 | 2248 | 2356 | 2368 |
| ज्वार | 1914 | 1984 | 1940 | 1885 | 2066 | 2393 | 2390 | 2250 | 2755 | 3783 | 3144 | 3039 |
| बाजरा | 1173 | 1233 | 1457 | 1212 | 1333 | 1818 | 1491 | 1469 | 1974 | 2188 | 2396 | 2348 |
| रागी | 1578 | 1573 | 1714 | 2185 | 2105 | 2314 | 2339 | 2688 | 2296 | 3316 | 3213 | 3252 |
| मक्का | 1191 | 1247 | 1383 | 1259 | 1290 | 1799 | 1436 | 1488 | 1955 | 1936 | 2172 | 1934 |
| अरहर | 4322 | 5902 | 8040 | 4404 | 3991 | 5007 | 4958 | 6035 | 6164 | 7828 | 9830 | 6867 |
| मूंग | 5933 | 7225 | 5493 | 4819 | 4823 | 5681 | 6151 | 6131 | 6327 | 7708 | 7512 | 6917 |
| उड़द | 4116 | 7897 | 7263 | 3775 | 3753 | 4685 | 6044 | 5852 | 6083 | 7323 | 7855 | 6591 |
| कपास | 4571 | 4245 | 4804 | 4699 | 5995 | 5156 | 2400 | 6616 | 8648 | 7317 | 7168 | 7032 |
| मूंगफली | 3565 | 4441 | 4474 | 4024 | 3965 | 4516 | 4802 | 5427 | 5724 | 6502 | 5635 | 5353 |
| सूरजमुखी के बीज | 3101 | 3154 | 3225 | 3037 | 3423 | 3924 | 4251 | 5696 | 5926 | 4751 | 5961 | 7118 |
| सोयाबीन पीला | 3311 | 3427 | 3110 | 2709 | 3186 | 3512 | 3808 | 5484 | 5532 | 4784 | 4277 | 4158 |
| तिल | 9276 | 7171 | 6506 | 6364 | 8983 | 10734 | 9195 | 9099 | 10886 | 13965 | 12604 | 9810 |
| नाइजरसीड | 3830 | 5550 | 5689 | 4690 | 4172 | 4483 | 4802 | 6051 | 6571 | 7070 | 7234 | 7957 |
| रबी की फसलें | | | | | | | | | | | | |
| गेहूं | 1510 | 1496 | 1602 | 1648 | 1753 | 1886 | 1888 | 1927 | 2138 | 2258 | 2425 | 2518 |
| जौ | 1131 | 1102 | 1462 | 1446 | 1325 | 1594 | 1425 | 1594 | 2620 | 1937 | 1925 | 2105 |
| चना | 2860 | 3881 | 5619 | 5271 | 3715 | 4145 | 4168 | 4772 | 4706 | 5102 | 6098 | 5635 |
| मसूर | 4516 | 5326 | 5993 | 4240 | 3707 | 4135 | 4996 | 5763 | 6435 | 5878 | 6062 | 6389 |
| रेपसीड और सरसों | 3094 | 3639 | 3855 | 3447 | 3602 | 3572 | 4156 | 5817 | 6351 | 5099 | 5255 | 5921 |
| कुसुम | 2826 | 2596 | 2707 | 2945 | 3152 | 4258 | 3436 | 4448 | 5131 | 4326 | 5471 | 6224 |
| वाणिज्यिक फसलें | | | | | | | | | | | | |
| जूट | 2577 | 3687 | 4166 | 3282 | 3689 | 4036 | 4634 | 6188 | 5847 | 5094 | 5178 | 6791 |
| कोपरा | 10873 | 12056 | 6225 | 8793 | 10719 | 11107 | 10040 | 13619 | 11381 | 8366 | 10041 | 15222 |

नोट: कोपरा को छोड़कर सभी एमएसपी फसलों की वार्षिक मंडी कीमतें यूपीए पोर्टल से ली गई हैं। कोपरा की वार्षिक मंडी कीमतें एगमार्कनेट पोर्टल से ली जाती हैं।

********